माता-पिता/विद्यार्थी आश्वासन फॉर्म

MAP क्या है?

MAP एक कंप्यूटर अनुकूली परीक्षण है, जिसका मतलब है प्रत्येक विद्यार्थी को पिछले प्रश्नों के उत्तरों के आधार पर अद्वितीय परीक्षण प्रश्नों का एक सेट मिलता है। जैसे-जैसे विद्यार्थी सही उत्तर देता जाता है, प्रश्न कठिन होते जाते हैं। यदि विद्यार्थी गलत उत्तर देता है, तो प्रश्न सरल हो जाते हैं। परीक्षा के अंत तक, अधिकांश विद्यार्थी लगभग आधे प्रश्नों के उत्तर सही दे देंगे।

MAP क्या मापता है?

MAP के परिणाम एक अंकीय RIT स्कोर के रूप में प्रदान किए जाते हैं। इस स्कोर का उपयोग स्कूल सत्र के विभिन्न समय पर विद्यार्थी के उपलब्धि स्तर को मापने और प्रगति निर्धारित करने के लिए किया जाता है। इसे एक प्रगति चार्ट पर कद चिह्नित करने की तरह से मानें। आप बता सकते हैं कि विभिन्न समय पर आपका बच्चा कितना लंबा है और किसी एक समय और दूसरे समय के बीच में कितना बढ़ा है।

RIT स्कोर क्या होता है?

RIT (राश इकाई) स्केल स्थिर, समान अंतराल वाला स्केल है, बिलकुल फीट और इंच के समान। समान-अंतराल का मतलब है कि 10 RIT स्कोर का परिवर्तन समान चीज की जानकारी देता है इसके निरपेक्ष कि कोई विद्यार्थी स्केल के शीर्ष पर है, तले में है या मध्य में है, और एक RIT स्कोर का विद्यार्थी के ग्रेड स्तर या आयु के निरपेक्ष एक समान अर्थ होता है। किसी रूलर से ऊँचाई मापने के समान ही, एक समय के बाद स्कोर की तुलना करके बताया जा सकता है कि किसी विद्यार्थी ने कितनी शैक्षणिक प्रगति की है।

शिक्षक MAP स्कोर का उपयोग कैसे करते हैं?

शिक्षक व्यक्तिगत विद्यार्थियों और पूरी कक्षा की प्रगति को देख सकते हैं। एक समान MAP स्कोर वाले विद्यार्थी सामान्यतया समान कौशलों और विषयों में अनुदेशन के लिए तैयार होते हैं। MAP उन विद्यार्थियों के लिए विशिष्ट प्रगति के बारे में डेटा भी प्रदान करता है जो एक समान ग्रेड, विषय और समान प्रारंभिक उपलब्धि स्तर में हैं। इस डेटा का उपयोग प्रायः लक्ष्य निर्धारित करने में विद्यार्थियों की मदद करने और यह समझने में किया जाता है कि उन्हें अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए किस चीज़ की ज़रूरत है।

एक MAP परीक्षण कितना लंबा होता है और मेरे बच्चे को कितनी बार परीक्षण देने होंगे?

परीक्षणों की समय सीमा नहीं होती है, और विद्यार्थी उन्हें पूरा करने के लिए जितना जरूरी हो उतना समय ले सकते हैं। अधिकांश विद्यार्थी एक MAP परीक्षण को पूरा करने में एक घंटे से कम समय लेते हैं। किंडरगार्टन और 1ले ग्रेड में ली जाने वाली परीक्षा का समय आमतौर पर छोटा होता है।

मुझे अपने बच्चे के स्कूल से कौन सी जानकारी मिलेगी?

आपको आपके बच्चे की विद्यार्थी प्रगति रिपोर्ट प्रदान की जाएगी। इस रिपोर्ट में आपके बच्चे के सबसे ताजा और पिछले MAP परीक्षणों से जानकारी और स्कोर शामिल होते हैं।

MAP परीक्षणों की तैयारी के लिए मैं अपने बच्चे की सहायता कैसे करूँ?

विद्यार्थियों को परीक्षण समझाने के लिए आपके बच्चे का शिक्षक परीक्षण से पूर्व वाले किसी भी निर्देश को समझने में आपके बच्चे की मदद करेगा। किसी अन्य स्कूल दिवस की तरह ही, सुनिश्चित करें कि आपके बच्चे ने अच्छी तरह से विश्राम किया है और उसे अच्छी तरह से संतुलित भोजन खिलाया गया है। उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ करने के लिए प्रोत्साहित करें। यह कोई बहुत भारी परीक्षण नहीं है, बल्कि यह जानने का एक साधन है कि कोई विद्यार्थी कितना जानता है और उसे अभी कितना सीखना है।

विद्यार्थी MAP परीक्षा के लिए परीक्षा सुरक्षा

सुरक्षा से जुड़े इस अनुभाग में वह जानकारी शामिल है जो माता-पिता और विद्यार्थियों पर लागू होती है। इस जानकारी का उद्देश्य उन प्रक्रियाओं को समझने में मदद करना है जिनका उपयोग परीक्षा समन्वयक अपनी जिम्मेदारियों, और मूल्यांकन के आयोजन के दौरान घर पर आपकी जिम्मेदारियों की सूचना उन्हें देने के लिए करते हैं।

परीक्षा से पहले आइटमों की निम्नलिखित सूची पर ध्यान दिया जाए। इस सूची में सभी बातें शामिल नहीं हैं।

करने योग्य आवश्यक चीज़ें:

घर पर तैयारी:

- तकनीक की तैयारी से जुड़ी सभी आवश्यक जांच करें।
  - इंटरनेट उपयोगिता
  - कंप्यूटर की उपलब्धता
  - पूर्ण रूप से चार्ज की गई कंप्यूटर बैटरी
- सुनिश्चित करें कि विद्यार्थी किसी शांत और व्यवधान मुक्त स्थान पर परीक्षा देता हो।
- सुनिश्चित करें कि विद्यार्थी हर समय कंप्यूटर के कैमरा के जरिए परीक्षा परीक्षक द्वारा स्पष्ट रूप से देखा जा सकता हो।
- कैलकुलेटर और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस नीतियों और दिशानिर्देशों का पालन करें।
- सत्यापित करें कि विद्यार्थी के पास परीक्षा परीक्षक द्वारा बताए अनुसार परीक्षा से जुड़ी सारी सामग्री मौजूद हो।
  - स्क्रैच पेपर
  - पेंसिल
  - हेडफोन (किंडरगार्टन, 1ले ग्रेड, 2रे ग्रेड के विद्यार्थियों के लिए हेडफोन उनकी IEP, 504-IAP, और/या EL-TPC योजना के अनुसार हो)। हेडफोन की आवश्यकता होने पर कृपया अपने स्थानीय स्कूल से संपर्क करें।

नहीं करने योग्य आवश्यक चीज़ें:

परीक्षा सामग्री:

- विद्यार्थियों को उत्तर, उत्तर का कोई संकेत, परीक्षा से जुड़ी कोई भी वस्तु।
- परीक्षा के आयोजन के दौरान परीक्षा सामग्री के बारे में कोई नोट बनाना।
- विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयार में सहायता देने के लिए परीक्षा की वास्तविक वस्तुओं के बारे में किसी भी जानकारी का उपयोग, फिर चाहे उसे कैसे भी प्राप्त क्यों ना किया गया हो। इस प्रकार की जानकारी को सोशल मीडिया साइटों और संचार सहित किसी भी उद्देश्य के लिए किसी के भी साथ साझा नहीं किया जा सकता है।

परीक्षा का आयोजन:

- परीक्षा के आयोजन के दौरान परीक्षा व्यवस्था में प्रवेश/व्यवधान जब तक कि कोई आपात स्थिति या अन्य महत्वपूर्ण आवश्यकता न हो जिसे कि समय पर किया जाना हो।
- परीक्षा परीक्षक की नज़रों से विद्यार्थी को हटाना/हटाने क कारण उत्पन्न करना।

मैं उपरोक्त जानकारी को पढ़ लिया है और निम्नलिखित विद्यार्थी(यों) के लिए मूल्यांकन का सुरक्षित, निष्पक्ष और व्यवधान मुक्त वातावरण सुनिश्चित करने की अपनी ज़िम्मेदारी को समझ लिया है:

विद्यार्थी: ________________________________ ग्रेड: __________ रिकॉर्ड पर शिक्षक: ______________________

अभिभावक का नाम: ___________________________ स्कूल: ___________________________ दिनांक:__________